Campaign to Check Helmet and Seat Belt - An Extension Activity

दिनांक 14 जनवरी 2023 को हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा मनाए जा रहे 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' अभियान के अंतर्गत कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने वाली मुख्य रोड पर 'हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेक करने की मुहिम' शुरू की गई जो की सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक चली। इस कार्यक्रम का संचालन रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी डॉक्टर सीमा दलाल, सदस्यों डॉक्टर नीलम रानी व डॉक्टर पिंकी की देखरेख में किया गया। इस मुहिम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉक्टर उपासना गर्ग जी विशेष रूप से मौजूद रही। अभियान के तहत रोड पर बिना हेलमेट के सभी बाइक चलाने वालों को रोका गया। प्राचार्या महोदया जी ने उन्हें हेलमेट पहनकर बाइक चलाने के फायदे गिनाते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा यातायात नियमों के अनुसार दो पहिया वाहन पर हेलमेट पहनना अनिवार्य है अन्यथा भारी जुर्माना भी देना पड़ता है। हेलमेट पहनकर बाइक या स्कूटी चला कर हम अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें गुलाब का फूल देकर भविष्य में हेलमेट पहनकर बाइक चलाने को प्रोत्साहित किया गया ताकि सड़क दुर्घटना मामलों को कम किया जा सके। इसी कड़ी में बिना सीट बेल्ट का प्रयोग करने वाले चालकों को भी रोका गया व उन्हें भी ड्राइविंग के दौरान सीट बेल्ट लगाने के फायदे बताए गए और उन्हें भी फूल देकर सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रकार इस अभियान के माध्यम से आम जनता को संदेश देकर जागरूक किया गया कि ऐसा करके हम भविष्य में यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटना को 50% तक कम कर सकते हैं जो कि हरियाणा सरकार का मुख्य उद्देश्य इस रोड सुरक्षा सप्ताह को शुरू करने का है। इस अभियान में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिकाएं डॉक्टर गीता गुप्ता, श्रीमती रेखा सैनी व श्रीमान जसबीर काजल, श्रीमान नारायण, श्रीमान प्रवीण, श्रीमती रमन व अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

'रोड सुरक्षा अभियान' कार्यक्रम चलाया

पुलिस विभाग के एस.एच.ओ संजय कुमार अभियान का शुभारम्भ करते हुए सीट बैल्ट व हैलमेट चैक करने की मुहिम में चालक। (मिशन)

जींद, 17 जनवरी (मिशन): हिन्दू कन्या महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा मनाए जा रहे रोड सुरक्षा अभियान के आखिरी दिन शहर में छोटे शिव चौक नेहरू पार्क के पास पुलिस विभाग के साथ मिलकर सीट बैल्ट व हैलमेट चैक करने की मुहिम चलाई गई। यह अभियान क्लब की इंचार्ज डा. सीमा दलाल, डा. पिंकी व एस.एच.ओ. संजय कुमार की अगुवाई में चलाया गया।

इस मुहिम के दौरान बिना हैलमेट बाइक व स्कूटी चालकों को रोका गया और उन्हें सड़क यातायात नियमों को बताते हुए फूल देकर भविष्य में हैलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने को कहा। इसी के साथ उन कार चालकों को भी रोका गया जो सीट बैल्ट नहीं लगाए हुए थे। उन्हें बताया गया कि ऐसा करके वे अपने बहुमूल्य जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। अतः उन्हें गुलाब के फूल देकर भविष्य में सीट बैल्ट लगाने को प्रोत्साहित किया।

यह जागरूकता अभियान लगभग एक घंटा चला, जिसमें राहगीरों को भी यातायात के नियमों से अवगत करवाया गया। इस मुहिम में कालेज से जसबीर कावाल, नारायण, प्रवीण, रमन कुमारी, कुलदीप व संजू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।